http://www.cgboardonline.com

कोड-03

# अर्धवार्षिक परीक्षा 2018-19

कक्षा- बारहवीं

समय - 3.00 घंटे

विषय - हिन्दी

पूर्णांक - 100

निर्देश :- सभी प्रश्न हल करना अनिवार्य।

प्रश्न क्र. 1 में वस्तुनिष्ठ प्रश्न के तीन खण्ड है, प्रत्येक पर 1 अंक निर्धारित है।

प्रश्न क्र. 2 से 10 तक अतिलघुउत्तरीय प्रश्न है, प्रत्येक पर 2 अंक निर्धारित है।

प्रश्न क्र. 11 से 17 तक लघुउत्तरीय प्रश्न है, प्रत्येक पर 3 अंक निर्धारित है।

प्रश्न क्र. 18 से 21 तक लघुउत्तरीय प्रश्न है, प्रत्येक पर 4 अंक निर्धारित है।

प्रश्न क्र. 22 एवं 23 तक दीर्घउत्तरीय प्रश्न है, प्रत्येक पर 5 अंक निर्धारित है।

प्रश्न क्र. 24 एवं 25 दीर्घउत्तरीय प्रश्न है, प्रत्येक पर 6 अंक निर्धारित है।

प्रश्न क्र. 26 निबंधात्मक प्रश्न है, इस पर 8 अंक निर्धारित है।

---

प्रश्न 1. (अ) सही विकल्प चुनकर लिखिए।

(1) "बीजक" ग्रंथ किसके द्वारा रचित है।

(अ) जायसी (ब) कबीर

(स) सूर (द) तुलसी

(2) मात्रा की गणना पर आधारित छंद कहलाता है।

(अ) वर्णिक छंद (ब) मुक्त छंद

(स) मात्रिक छंद (द) सम छंद

(3) "विश्व मंदिर" में एक मंदिर की कल्पना की गई, जिसमें किसके समन्वय की बात होगी ?

(अ) सर्वजाति (ब) सर्वधर्म

(स) सर्वसमाज (द) अंतर्राष्ट्रीय

(4) "उसने कहा था" कहानी के रचयिता कौन है।

(अ) रत्नाकर (ब) चंद्रधर शर्मा "गुलेरी"

(स) प्रभाकर (द) दिनकर

(5) श्रृंगार रस का स्थायीभाव है।

(अ) आश्चर्य (ब) रति

(स) जुगुप्सा (द) भय

(ब) रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए।

(1) पत्थर के बने मृतकों के स्मृति चिन्ह को आदिवासी -------- कहते हैं।

http://www.cgboardonline.com

http://www.cgboardonline.com

http://www.cgboardonline.com

(2) "संत शैल सम उच्च हैं किंतु प्रकृति सुकुमार इसमें --------- अलंकार है।
(3) मुकदमें का फैसला ----------- के पक्ष में हुआ।
(4) "सूखी डाली" एकांकी के रचयिता ------------- हैं।
(5) "नौ दो ग्यारह" मुहावरों का अर्थ -------------- है।

(स) उचित संबंध जोड़िए।

| | | |
|---|---|---|
| (1) बम्बूकार्ट | - | हीनता और कमजोरी |
| (2) संध्या सुंदरी | - | व्यक्तिगत पत्र |
| (3) "जैसा तुम चाहो" | - | अमृतसर |
| (4) अनौपचारिक पत्र | - | शेक्सपियर |
| (5) निंदा | - | सूर्यकांत त्रिपाठी निराला |

प्रश्न 2. मनुष्य को अपने आवास पर गर्व क्यों नहीं करना चाहिए ?

प्रश्न 3. मिट्टी प्रजारुपा कैसे हो जाती है ?

प्रश्न 4. चीनी फेरीवाला चाइना क्यों लौटना चाहता है ?

प्रश्न 5. वीर रस को उदाहरण द्वारा समझाइये।

प्रश्न 6. "सूखी डाली" एकांकी के अनुसार बेला दुखी क्यों है ?

प्रश्न 7. अर्द्ध-रात्रि में कवि अनुराग बढ़ने पर क्या करता है ?

प्रश्न 8. कवि मुक्तिबोध के अनुसार पूरी दुनिया को साफ करने के लिए किसकी आवश्यकता है?

प्रश्न 9. धृतराष्ट्र कौन थे ? लेखक ने उनका किस लिए उल्लेख किया गया है ?

प्रश्न 10. आदिवासी दीवान से क्यों नाराज थे ?

प्रश्न 11. चीनी की बहिन की खोज का रास्ता कैसे बन्द हुआ ?

प्रश्न 12. श्रद्धा और प्रेम में क्या अंतर है ?

प्रश्न 13. अन्योक्ति अलंकार किसे कहते हैं ? उदाहरण द्वारा स्पष्ट कीजिए।

प्रश्न 14. निम्नलिखित मुहावरों व लोकोक्तियों का अर्थ लिखते हुए वाक्यों में प्रयोग कीजिए

(1) होम करते हाथ जलना (2) न तीन में न तेरह में (3) आंखों में पट्टी बंधना

प्रश्न 15. मतगयंद सवैया की परिभाषा एवं उदाहरण लिखिए।

प्रश्न 16. पद्मावती की सखियों को फुलवारी क्यों कहा गया है ?

प्रश्न 17. "फ्री स्टाइल गवाही" न्याय व्यवस्था की विसंगतियों पर व्यंग्य है, इस पर अपने विचार लिखिए।

प्रश्न 18. मलिक मोहम्मद जायसी अथवा सुमित्रानंदन पंत का साहित्यिक परिचय निम्नलिखित बिन्दुओं के आधार पर दीजिए।

(1) जीवन परिचय (2) दो रचनाएं (3) भावपक्ष (4) कलापक्ष

P.T.O.



http://www.cgboardonline.com

http://www.cgboardonline.com

http://www.cgboardonline.com

प्रश्न 19. चंद्रधर शर्मा "गुलेरी" अथवा उपेन्द्रनाथ "अश्क" का साहित्यिक परिचय निम्नलिखित बिन्दुओं के आधार पर दीजिए । की तीन - तीन विशेषताएं

(1) दो रचनाएं (2) भाषा शैली (3) तीन विशेषताएं

प्रश्न 20. भक्तिकाल अथवा रीतिकाल की दो विशेषताएं एवं 2-2 कवियों के नाम लिखिए ।

प्रश्न 21. दादा मूलराज के चरित्र की कोई चार विशेषताएं लिखिए ।

अथवा

लहना सिंह के चरित्र की कोई चार विशेषताएं लिखिए ।

प्रश्न 22. निम्नलिखित गद्यांशों में से किसी एक गद्यांश की संदर्भ प्रसंग एवं विशेष सहित व्याख्या कीजिए ।

"सच तो यह है कि ढोल की ध्वनि के साथ आनंद का कलरव, उत्सव का प्रमोद और प्रेम का संगीत ये तीनों मिले रहते हैं । तभी उनकी कर्कशता समीपस्थ लोगों को भी कटु नहीं प्रतीत होती और दूरस्थ लोगों के लिए तो वह अत्यंत मधुर बन जाती है ।"

अथवा

"भक्ति का स्थान मानव हृदय है, वही श्रद्धा और प्रेम के संयोग से उसका प्रादुर्भाव होता है । अत: मनुष्य की श्रद्धा के जो विषय ऊपर कहे जा चुके हैं, उन्हीं को परमात्मा में अत्यंत विशद् रुप में देखकर ही उसका मन खिंचता है और वह उस विशद् रुप विशिष्ट का सामीप्य चाहता है ।"

प्रश्न 23. निम्नलिखित पद्यांशों में से किसी एक पद्यांश की संदर्भ-प्रसंग एवं विशेष सहित व्याख्या कीजिए ।

सोना, सज्जन, साधुजन, टूटि जुरै सौ बार ।
दुर्जन कुंभ कुंभार के एकै धका दरार ।।

अथवा

गोधन, गजधन, बाजिधन और रतन सब खान ।
जब आवै संतोष धन, सब धन धूरि समान ।।

प्रश्न 24. अपने छोटे भाई विनय को एक पत्र लिखिए । जिसमें उसे शाला के साहित्यिक तथा विज्ञान संबंधी कार्यक्रमों में भाग लेने हेतु प्रेरित किया गया हो ।

अथवा

आप स्वाति शर्मा, कक्षा 12 वीं शासकीय कन्या उच्चत्तर माध्यमिक शाला, दुर्ग में अध्ययनरत् हैं । अपने प्राचार्य को शैक्षणिक भ्रमण की अनुमति हेतु एक आवेदन पत्र लिखिए ।

प्रश्न 25. निम्नलिखित अपठित गद्यांश को पढ़कर नीचे लिखे किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

"महानगरों में जो सभ्यता फैली है, वह छिछली और हृदयहीन है । लोगों के पारस्परिक



http://www.cgboardonline.com

http://www.cgboardonline.com

http://www.cgboardonline.com

मिलन के अवसर तो बहुत हो गए हैं, मगर इस मिलन में हार्दिकता नहीं होती, मानवीय संबंधों में घनिष्ठता नहीं आ पाती। दफ्तरों, ट्रामों, बसों, रेलों, सिनेमाघरो, सभाओं और कारखानों में आदमी हर समय भीड़ में रहता है, मगर इस भीड़ के बीच वह अकेला होता है। मनुष्य के लिए मनुष्यता के भीतर पहले जो माया, ममता और सहानुभूति के भाव थे, वे अब लापता होते जा रहे हैं। देशों की पारस्परिक दूरी घट गई है, लेकिन आदमी और आदमी के बीच की दूरी बढ़ती जा रही है।"

प्रश्न (1) उपर्युक्त गद्यांश का उचित शीर्षक दीजिए।

(2) महानगरों की सभ्यता को हृदयहीन क्यों कहा गया है ?

(3) महानगरों की भीड़ में मानव अकेला क्यों है?

(4) "देशों की पारस्परिक दूरी घट गई है, लेकिन आदमी और आदमी के बीच की दूरी बढ़ती जा रही है " इस दूरी की वृद्धि के कारणों का उल्लेख कीजिए।

(5) हार्दिकता होने का क्या आशय है ?

प्रश्न 26. निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर 250 से 300 शब्दों में एक निबंध लिखिए।

(1) छत्तीसगढ के पर्यटन स्थल

(2) स्वच्छता अभियान में छात्रों की भूमिका

(3) नक्सलवाद और छत्तीसगढ़

(4) मोबाइल क्रांति

(5) परहित सरिस धर्म नहीं भाई

---00--

http://www.cgboardonline.com
http://www.cgboardonline.com

http://www.cgboardonline.com

Whatsapp @ 9300930012
Your old paper & get 10/-
Paytm or Google Pay